प्रादेशिक समाचार
31.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर गुजरात के केवड़िया में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा–एक देश, एक संविधान का संकल्प हुआ पूरा, अब एक देश, एक चुनाव और एक देश, एक समान नागरिक संहिता पर कर रहे हैं काम।
2. प्रधानमंत्री मोदी ने एकता दिवस के मौके पर बिरसा मुंडा को किया याद, कहा–जनजातीय समाज के बीच सोची समझी साजिश के तहत बोया गया नक्सलवाद का बीज, जल्द होगा देश से नक्सलवाद का पूरी तरह से खात्मा।
3. राज्य में 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि कल, इस चरण के लिए 634 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा किया दाखिल।
4. झारखंड समेत देश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दीपावली का त्योहार।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय एकता दिवस पर कहा कि एक देश, एक संविधान का संकल्प पूरा करने के बाद अब उनकी सरकार देश में एक देश, एक चुनाव और एक देश, एक समान नागरिक संहिता को लागू करने की दिशा में काम कर रही है। गुजरात के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी देश वासियों को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर अपने संबोधन में भागवान बिरसा मुंडा को भी याद किया। उन्होंने नक्सलवाद का जिक्र करते हुए कहा कि जनजातीय समाज के बीच सोची समझी साजिश के तहत नक्सलवाद का बीज बोया गया।

देश को एक करने के लिए सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती अगले दो वर्ष तक देशभर में मनाई जाएगी।

राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जो राष्ट्र की एकता और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर रही है। इससे पहले आज सवेरे प्रधानमंत्री ने एकता नगर में स्टेचु ऑफ यूनिटी पर सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने लोगों को एकता दिवस की शपथ दिलाई और एकता दिवस परेड का निरीक्षण किया।

****

झारखंड में दूसरे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी का कल आखिरी दिन है। इस चरण के लिए छह सौ चौंतीस उम्मीदवारों ने नामांकन भरा है। दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को अड़तीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, जबकि पहले चरण के लिए 13 नवंबर को तैंतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार अधिक प्रत्याशी मैदान में हैं। इन बढ़े प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन आयोग के पास पर्याप्त इवीएम हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। वहीं दूसरे चरण के लिए स्क्रूटनी की गयी। कुछ जिलों में प्रत्याशियों को सूचना देने के लिए कल दिन के 11 बजे बुलाया गया है। उसके बाद स्पष्ट हो जाएगा कि नामांकन किये कितने प्रत्याशियों के नामांकन दुरुस्त मिले हैं।

****

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक करीब 121 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है।

पाकुड में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराये जाने को लेकर क्रियाशील अंतरराज्जीय चेकपोस्ट चांदपुर पर जांच के दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से आ रही एक स्कार्पियो से पांच लाख रुपये पुलिस की मौजूदगी में एफएसटी ने जब्त किया।

****

विधानसभा चुनाव भयमुक्त और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर आज रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी की गयी। इस दौरान सभी बैरक और वार्डों में जांच की गयी, लेकिन कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ।

****

आज पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि है। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के शक्ति स्थल पर इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इंदिरा गांधी स्मारक पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। श्रीमति गांधी की पुण्तिथि के मौके पर राज्य के कई जिलों में कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है।

****

झारखंड सहित देश भर में आज दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संपूर्ण देशवासियों को अंधेरे पर उजाले की विजय के महापर्व दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी दीपावली की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी। इधर राज्यपाल संतोष गंगवार और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी दीपावली और सोहराय पर्व की लोगों को शुभकामनाएं दी।

इधर जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या की तर्ज पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूर्य मंदिर व आसपास के क्षेत्र को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया।

****

हजारीबाग में दीपावली के मौके पर वीर शहीदों को याद करते हुए शहीद स्मारक पर हजारों दिए जलाए गए। आयोजन समिति से जुड़े रंजन चौधरी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन शहीदों को नमन करना है जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान देश के लिए दे दिया।

****

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर में सार्वजनिक काली पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जो झारखंड के भविष्य को अंधेरे में धकेलना चाहता है उसे हमें अपने आप से दूर कर देना है।

*****समाप्त*****